हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री



परियोजनाओं का प्रारूप तैयार करने और धरातल पर लाने के लिए अधिकारियों को करनी होगी मेहनत : राव

12



डीटीपी की बावल क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई, 9 एकड़ की तीन अवैध कॉलोनी को जमींदोज

12

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी बाइक चालक काबू

**बावल।** थाना कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक बाइक चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में हादसे को अंजाम देने के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ 1 दिसंबर को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के बिलाहेड़ी निवासी नवीन को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 दिसंबर को एक आरोपी नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे नशीला पदार्थ झज्जर के आम्बोली निवासी जयभगवान ने मुहैया कराया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी जयभगवान को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते साल पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। विवाहिता ने दहेज की मांग पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 21 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में सिरसा के महोली निवासी जगदेव को गिरफ्तार कर लिया।

### चोरी के मामले में फरार आरोपी चढ़ा हत्थे

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मार्च माह में हुई चोरी के बाद दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर 4 मार्च को चोरी का केस दर्ज किया था। एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में राजस्थान के मिलकपुरी निवासी आसनदीन को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**रेवाड़ी।** वीरवार की रात महेंद्रगढ़ रोड पर सहारनवास आईटीआई के पास बाइक की टक्कर लगने से एक स्कूटी चालक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। एक महिला देर सायं स्कूटी से रेवाड़ी की ओर आ रही थी। आईटीआई के पास एक बाइक ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी दौरान सड़क से गुजरने वाले लोगों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई। महिला को एक प्राइवेट वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। रामपुरा पुलिस ने बाइक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### बोलनी गांव में जुआ खेलते तीन आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने बोलनी गांव में ताश के रूप में जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से जुए की राशि और ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के कुछ युवक ताश के रूप में जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की। वहां बोलनी निवासी नरेंद्र, अमरबीर और मुकेश ताश के पत्तों पर दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने तीनों को मौके पर ही काबू कर लिया।

*शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में नियमित चले मरीजों के अल्ट्रासाउंड*

# डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने से सुचारू हुई स्वास्थ्य सेवाएं, ओपीडी में इजाफा, ऑपरेशन भी हुए शुरू

## आंखों की ओपीडी में सबसे ज्यादा रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज >> रेवाड़ी

सरकार के साथ देर रात हुई हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन कोर कमेटी की वार्ता में मांगों पर सहमति बनने पर डॉक्टर्स की चार दिन से चल रही हड़ताल खत्म होने के बाद शुक्रवार को नागरिक अस्पताल सहित जिले की सीएचसी-पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से शुरू हो गई, हालांकि ओपीडी में मरीजों की संख्या सामान्य से काफी कम रही। देर रात हड़ताल खत्म होने की जानकारी काफी लोगों तक नहीं पहुंचने के कारण काफी मरीज अस्पताल नहीं पहुंचे। अब शनिवार और सोमवार को मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और पिछले चार दिन से लंबित सर्जरी तथा अन्य ऑपरेशन भी शुरू किए जाएंगे। सिविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया ने बताया कि सभी डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर लौट चुके हैं। हड़ताल के कारण रुका काम अब सुचारू रूप से चल रहा है। ऑपरेशन सहित सभी चिकित्सा सेवाएं समय पर होगी और अब मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हड़ताल के चलते पिछले चार दिनों से नागरिक अस्पताल सहित सीएचसी-पीएचसी में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्पेशलिस्ट डॉक्टर मौजूद न होने के कारण कई ऑपरेशन टल गए थे और मरीजों का चेकअप गुरुग्राम से बुलाए गए डॉक्टरों, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ, एनएचएम व बीएएमएस के माध्यम से किया जा रहा था। इससे मरीजों को उचित और समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा था।

### ओपीडी 1465 रही

नागरिक अस्पताल में आम दिनों में आपीडी 1800 के करीब पहुंच जाती है। चार दिन चली डॉक्टर्स की हड़ताल में आपीडी में कमी आई। पहले दिन 1349, दूसरे दिन 1166 तीसरे दिन, 1254 व चौथे दिन 1217 मरीजों की ओपीडी रही। हड़ताल खत्म होने के बाद शुक्रवार को ओपीडी में कुछ इजाफा हुआ। शुक्रवार को ओपीडी 1465 रही तथा 56 मरीजों के विभिन्न बीमारियों के ऑपरेशन भी किए गए।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचे मरीज।



नागरिक अस्पताल में आंखों की ओपीडी के बाहर लगी भीड़

### इन मांगों को लेकर हुई थी हड़ताल

एचसीएमएसए की जिला प्रधान डा. सुधा यादव ने बताया कि उनकी तीन प्रमुख मांगे हैं। एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए और इन पदों पर केवल प्रमोशन से ही नियुक्ति हो। केंद्र सरकार की तर्ज पर 4, 9, 13 और 20 साल की सेवा पर एसीपी लागू की जाए, जबकि हरियाणा में पूरी सेवा अवधि में केवल तीन एसीपी मिलती हैं। तीसरी मांग में तीसरे ग्रेड पे को 9500 रुपये तक बढ़ाया जाए। फिलहाल 10 साल की सेवा पर डॉक्टरों को 7600 और थर्ड ग्रेड पे पर 8700 रुपये मिलते हैं। सरकार की ओर से बार-बार आश्वासन दिया जाता है, लेकिन उन्हें लागू नहीं करती है।

### एसएमओ की सीधी भर्ती रोक में संशोधन होगा

*एसएमओ की सीधी भर्ती रोक में संशोधन होगा एचसीएमएसए की जिला प्रधान डा. सुधा यादव ने बताया कि एसएमओ की सीधी भर्ती को रोकने के लिए सेवा नियमों में संशोधन के संबंध में सीपीएस टू सीएम द्वारा 5 दिसंबर को हुई बैठक में लिया निर्णय, अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन करने के बाद उचित अवधि के भीतर लागू किया जाएगा।*

### हड़ताल अवधि का वेतन मिलेगा

डॉक्टरों की अनुपस्थिति को देय अवकाश माना जाएगा, बशर्ते कि एचसीएमएस एसोसिएशन भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित नहीं करेगा।



रेवाड़ी। ओपीडी स्लिप बनवाने के लिए लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### आयुष्मान प्रोत्साहन योजना शुरू होगी

आयुष्मान भारत के अंतर्गत डॉक्टरों को इंसेटिव दिया जाएगा, जिसके लिए एक कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें एचसीएमएस एसोसिएशन का एक सदस्य भी होगा। समिति अन्य राज्य सरकारों की प्रोत्साहन योजनाओं और एनएचए की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देशों की जांच करेगी। एक महीने में सरकार को प्रस्ताव देगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती का मुद्दा उठाया

डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें समयबद्ध अवधि में एसीपी नहीं मिल पाता। इस पर सहमति बनी कि यदि सरकार नई भर्ती चिकित्सा अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात नहीं करती है, तो शहरी स्वास्थ्य सुविधा में तैनाती के कारण उन्हें प्रथम एसीपी मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी।

# कुलपति ने आईजीयू में परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- पार्किंग में साधनों को खड़ा करने की व्यवस्था को सुधार करने के लिए निर्देश दिए



रेवाड़ी। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति मिगलानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज >> मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने शुक्रवार को आईजीयू में चल रही प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह व शाम दो सत्र में आयोजित की जा रही है। कुलपति मिगलानी ने राव तुलाराम भवन में परीक्षा से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को परीक्षा में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इंजीनियरिंग शाखा के अधिकारियों को पार्किंग में साधनों को खड़ी करने की व्यवस्था को सुधार करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव, प्रोफेसर रविंद्र, एसडीई सुरेंद्र, जेई अनिल नैन, जेई हरिंदर व जेई मुकेश भी उपस्थित थे। आईजीयू में राव तुलाराम भवन, यूआईईटी भवन, स्वामी विवेकानंद भवन एवं सरदार पटेल भवन में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

> **पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह व शाम दो सत्र में आयोजित की जा रही**

# महेश हत्याकांड में फास्ट एक्शन, सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पुलिस ने 19 लोगों के खिलाफ दर्ज किया था केस



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में महेश हत्याकांड के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज >> रेवाड़ी

नैनसुखपुरा में गत 10 दिसंबर की रात हुई महेश की हत्या के मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर 19 लोगों के खिलाफ हत्या व मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया था। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी चल रही है। जमीनी विवाद के चलते महाबीर व उसके परिवार के लोगों ने महेश के परिवार पर हमला कर दिया था। इस हमले में महेश और उसके परिवार के कई सदस्यों को चोटें आई थीं। उन्हें ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया था, जहां महेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने उसके भाई मुखत्यार के बयान पर 19 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस बयान में मुखत्यार ने आरोप लगाया कि गत बुधवार की रात वह खाना खाने के बाद सोने के लिए जा रहा था। इसी दौरान महाबीर। उसके परिवार के सदस्यों ने उसके भाई महेश और परिवार के सदस्यों को घर में घुसकर पीटना शुरू कर दिया। जब वह और उसके परिवार के सदस्य महेश को बचाने के लिए पहुंचे, तो इन लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। महेश चोट लगने के कारण बेहोश होकर गिर गया। उनके पड़ोसी राजबीर व दिनेश ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुखत्यार के बयान 19 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

जाटूसाना थाना पुलिस ने हत्या व मारपीट का केस दर्ज करने के बाद नसीब, संदीप, महाबीर, रामकुमार, जगदीश, गजराज व धर्मेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ भगवत प्रसाद के मुताबिक इस मामले के अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न टीमों को संभावित ठिकानों पर दबिश देने के लिए भेजा हुआ है। जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें पिता-पुत्र और दो सगे भाई शामिल हैं।

### परिजनों ने शव लेने से मना किया था

महेश की मौत के बाद परिजनों और उसके रिश्तेदारों ने सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद महेश का शव लेने से इनकार कर दिया था। उनकी मांग थी कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक वह शव नहीं लेंगे। एसएचओ के प्रयासों के बावजूद भी जब परिजन शव लेने को तैयार नहीं हुए, तो डीएसपी कोसली विद्यानंद ने अस्पताल पहुंचकर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद ही महेश का शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

# कोसली में दो दुकानों से लाखों के सोने-चांदी के जेवरात ले गए चोर

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र के मुख्य बाजार में वीरवार रात चोर दो ज्वेलरी शॉप के शटर व ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। दुकानदारों ने शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना दी। दुकानदार कुलदीप सोनी ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने भैरो सिंह मार्केट में दीप ज्वेलर्स के नाम से दुकान कर रखी है। वीरवार शाम लगभग 6:30 वह अपनी दूकान को बंद करके अपने घर चले गए थे। शुक्रवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान के ताले व उनके पड़ोसी दुकानदार पवन सोनी की दुकान का शटर टूटा हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दुकान में जांच की तो काउंटर से चांदी की पायजेब लगभग 50 से 60 जोड़ी व पुरानी चांदी 400-500 ग्राम और छोटी अलमारी से पुरानी चांदी के गिलास, कटोरी व नारियल गायब मिले। पवन की दुकान से 20 ग्राम पुराना सोना व 400-500 ग्राम के लगभग चांदी गायब मिली।




रेवाड़ी। दुकान के बाहर बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

## सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, लेकिन दृश्यता ठीक रही

# सामान्य चल रहा दिन व रात का तापमान, ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज >> रेवाड़ी

तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव चल रहा है। शुक्रवार को रात के तापमान में मामूली कमी दर्ज की गई, वहीं दिन का तापमान में वृद्धि रही। सुबह के समय ठंड का असर कुछ कम रहा। सुबह के समय हल्का कोहरा भी छाया रहा, लेकिन कोहरे की दृश्यता ठीक रही। इसके बाद दिन के समय तेज धूप खिलने से मौसम का मिजाज गर्म बना रहा। हवा की गति में इजाफा होने से प्रदूषण का स्तर भी कुछ कम हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी सप्ताह में आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव लगातार बना रहने की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रात का तापमान 1.2 डिग्री की कमी के साथ 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिसंबर माह का पहला पखवाड़ा बीत जाने के बाद तक बारिश भी नहीं हुई है। सुबह और शाम के समय ही ज्यादा ठंड का अहसास होता है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह भी मौसम खुष्क बना रहेगा। बरसात या बूंदाबांदी की अभी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है, जिस कारण सूखी ठंड का प्रकोप ज्यादा परेशान कर सकता है। इस बार दिन के समय अभी तक ज्यादा ठंड देखने को नहीं मिल रही है। रात के समय होने वाली ठंड के कारण प्रदूषण का स्तर सुबह के समय बढ़ा हुआ मिलता है। सुबह 8 बजे धारूहेड़ा का एक्यूआई 340 दर्ज किया गया, जो दोपहर बाद कम होकर 293 पर आ गया।



रेवाड़ी। एक खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### तापमान बढ़ने से फसलों को पाले से राहत

*रात का तापमान बढ़ने से पाला नहीं जमने के कारण फसलों को राहत मिली रही है। इस समय अगेती सरसों की फसल पर पाला जमने से फसल खराब होने की आशंका बन जाती है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पाला पड़ने की सूरत में फसलों की नियमित हल्की सिंचाई जरूरी है। इससे जमीन का तापमान बढ़कर पाला जमने से रोकता है। रात के समय सूखी ठंड सुबह पाला जमने का कारण भी बन सकती है। इस समय हल्की बरसात भी होती है, तो वह दोनों फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।*

### संस्था को जागो ग्राहक जागो कार्यक्रम 14 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में हरियाणा प्रांत ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत 14 दिसंबर को पंजाबी धर्मशाला में जागो ग्राहक जागो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि शिक्षाविद् प्रो. सीएल सोनी कार्यक्रम में मुख्यातिथि व डा. आरबी यादव प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। भारत विकास परिषद के संरक्षक रमेश सचदेवा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष विपिन ढींगड़ा, कृष्ण कुमार जिला संगठन मंत्री, धीरज जिला सचिव व संदीप सहसचिव अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का अभिनंदन तथा उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा।



# ‘ना तो कारवां की तलाश’ नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म ‘धुरंधर’ का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग ‘ना तो कारवां की तलाश है’ की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म ‘बरसात की रात’ का कव्वाली सॉन्ग ‘ना तो कारवां की तलाश है’ है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style



# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म ‘फुकरे 3’ और पिछले साल आई वेब सीरीज ‘हीरामंडी: द डायमंड बाजार’ में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।

## हॉलीवुड मसाला




# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म ‘स्ट्रीट फाइटर’से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म ‘स्ट्रीट फाइटर’में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म ‘सुपरगर्ल’ अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म ‘सुपरगर्ल’ को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म ‘सुपरगर्ल’ में भी ‘सुपरमैन’ के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर ‘बॉर्डर 2’ का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल ‘बॉर्डर 2’ का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज ‘फोर मोर शॉट्स प्लीज’ एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** ‘कौन बनेगा करोड़पति 17’ के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ‘ऑडियंस पोल’ जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, ‘टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?’ विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, ‘आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, ‘प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत’किस भाषा में प्रकाशित की थी?‘ विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## ‘क्योंकि सास’ में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6



साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- ‘कांता’ अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं 2’

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं 2’ की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेश पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर ?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म ‘श्री राघवेंद्र’ थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म ‘अपूर्व रागंगल’ से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म ‘अंधा कानून’ थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे ‘थलाइवा’

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी ‘द नेम इज रजनीकांत’में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म ‘श्री राघवेंद्र’ थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### स्थापित होगा स्वचालित मौसम प्रणाली केंद्र

**कनीना।** भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, आईआईटीएम पुणे के साथ समझौता होने के बाद स्वचालित मौसम प्रणाली केंद्र महिला महाविद्यालय उन्हानी में स्थापित होगा। बता दें कि भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्तसाशी संस्थान है। स्वचालित मौसम केंद्र वायु की गति, दिशा, तापमान, नमी तथा प्रति घंटा रेनफॉल व मौसम संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करता है।

### 'स्ट्रीट वेंडर' ले सकते हैं ऋण सुविधा का लाभ

**कनीना।** कनीना शहर में रहकर रेहड़ी-फडी के रूप में काम करने वाले छोटे एवं मझोले दुकानदारों को पीएम 'स्वनिधि योजना' के अंतर्गत ऋण देने के लिए पंजीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस बारे में नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित यह योजना 'स्ट्रीट वेंडर' के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। जो छोटे दुकानदारों के आर्थिक हितों को ऊपर उठाने के लिए काफी मददगार है।

### मंदिर में हुई शनिदेव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**नारनौल।** गांव सेका में स्थित पावर हाउस के नजदीक शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व मूर्ति की गांव में कलश व शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर देशी घी का भंडारे का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

क्षेत्र के गांव सेका में शनिवार को शिव मंदिर परिसर में पंडित जितेंद्र महाराज द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शनि देव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व मूर्ति की गांव के विभिन्न मोहल्लों में ढोल-नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

### समाज सेवा हर किसी का कर्तव्य होना चाहिएः आर्य

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर में क्षेत्र के समाजसेवकों के द्वारा स्कूल के 85 बच्चों को स्वेटर और जूते और जुराब वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के केंद्र बिंदु रहे समाजसेवी वेदप्रकाश आर्य ने बच्चों के भविष्य के लिए समाज में फैली हुई नशा जैसी बीमारियों से दूर रहने के लिए प्रतिज्ञा करवाई। इसके साथ-साथ सुभाष सोनी डीपी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों को खेल के प्रति अपनी रुचि बढ़ानी चाहिए।

### महावीर चौक पर छात्रों को पढ़ाए यातायात के पाठ

**नारनौल।** यातायात पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह से एक्शन मोड में है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत शुक्रवार शहर के मुख्य महावीर चौक पर यातायात पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। यहां पुलिस कर्मियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की बारीकियों से अवगत कराया गया।

*संकरे सड़क मार्ग पर वाहनों की पार्किंग होने से पहले दिन ही बढ़ी अव्यवस्था*

# फायर स्टेशन प्रांगण में तहसील कार्यालय स्थापित होने से दमकल वाहन का रास्ता बाधित, बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। तहसील कार्यालय के वाहनों की भीड़ में फंसी फायर ब्रिगेड गाड़ी और रास्ते में खड़े वकील। *फोटो : हरिभूमि*

तहसील कार्यालय को पंचायत समिति के कंडम भवनों से निकालकर दमकल विभाग के भवनों में स्थापित कर दिया। यहां विभागीय कामकाज शुरू होते ही संकरे सड़क मार्ग पर वाहनों की लंबी पार्किंग हो गई। साथ ही प्रांगण में बाइकों की भी और खोखों व वकीलों के चेंबर स्थापित होने से फायर बिग्रेड का रास्ता बाधित हो गया। शुक्रवार को दमकल विभाग ने कर्मियों ने फायर बिग्रेड को रन करके रास्ते का अवलोकन किया है, किंतु वाहनों की भीड़ से वाहन को बाहर निकालने में ही 15 मिनट लग गई। ऐसे में आपात काल का सामना करना पड़ा तो जानलेवा हादसों को टालना मुश्किल हो सकता है। आपको बता दें कि नांगल चौधरी उपमंडल को पांच साल पहले फायर स्टेशन सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। विभागीय भवन का आबादी क्षेत्र से बाहर निर्माण कराया गया था, ताकि आपात परिस्थितियों में दमकल वाहनों को सड़क जाम की समस्या नहीं रहे। लेकिन पंचायत समिति के कंडम भवनों में कर्मचारियों और लोगों को जानलेवा संकट उत्पन्न होने पर तहसील कार्यालय को दमकल विभाग के भवनों में बुधवार की सुबह शिफ्ट कर दिया था। वीरवार की सुबह सभी कर्मचारी निजी वाहनों की मदद से दमकल कार्यालय पहुंच गए। सैकड़ों लोग भी बाइकों पर सवार होकर विभिन्न दस्तावेज तैयार कराने के लिए तहसील कार्यालय में पहुंच गए थे। जिस कारण दमकल विभाग के प्रांगण और बाहर सड़क के किनारे पर वाहनों की भीड़ हो गई। इसी दौरान दमकल विभाग ने फायर बिग्रेड की मॉक डील की गई, कर्मचारियों ने अग्निशमन वाहन को तत्परता से रवाना होने के आदेश दिए। लेकिन वाहनों की भीड़ से गंतव्य रास्ता बाधित बना हुआ था। ऐसे में विभागीय कर्मियों ने करीब 15 मिनट कड़ी मश्कत करके फायर बिग्रेड को बाहर निकाला है। इस अव्यवस्था के चलते एक घंटे तक तहसील और दमकल विभाग का कामकाज प्रभावित रहा है।

#### रास्ते में शराब के ठेके से महिलाएं चिंतित

तहसील कार्यालय में पहुंची रेशमी देवी, मोनिका, संतोष देवी, बबीता, कोमल ने बताया कि अवैध सवारी वाहन चालकों को 20 रूपए किराया भुगतान करके गौशाला गेट तक पहुंचे हैं। इसके बाद करीब एक किलोमीटर पैदल चलकर तहसील कार्यालय तक आना संभव हो पाया है। रास्ते में शराब का ठेका तथा सुनसान एरिया लगने से अपराधिक हादसे की चिंता बनी रही है। उन्होंने बताया कि वापसी के लिए पैदल ही शहर तक पहुंचना पड़ेगा।

#### आपातकाल में रहेगी परेशानी

दमकल विभाग के फायरमैन इंद्रसिंह ने बताया कि यहां तहसील कार्यालय स्थापित होने से वाहनों की भीड़ बढ़ गई। दूसरी तरफ सड़क मार्ग संकरा है जिस पर आमने-सामने के वाहनों को साइड लेना संभव नहीं। शुक्रवार की सुबह मॉक डील करके फायर बिग्रेड को शहर की तरफ रवाना किया था। किंतु वाहनों की भीड़ होने के कारण फायर बिग्रेड को प्रांगण से बाहर निकालना ही संभव नहीं हो पाया। उपायुक्त से विभाग को सुरक्षित जोन उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पार्किंग न होने से आमजन और दुकानदारों को परेशानी

# शहर में दो जगह बनाई जा रही अस्थायी पार्किंग, चालकों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पार्किंग के लिए जेसीबी मशीन की सहायता से सफाई कराते दरोगा राजेंद्र कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

शहर में अब लोगों को जाम से काफी राहत मिलेगी। नगर पालिका की ओर से शहर में अस्थायी पार्किंग बनाने काम शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका की ओर से शहर के बालाजी चौक के पास एक निजी धर्मशाला में पार्किंग बनाए जाने की तैयारी की जा रही है, यह जगह पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी है तथा लोग वहां पर गंदगी के ढ़ेर लगाए हुए थे। नगर पालिका की ओर से शुक्रवार को जेसीबी व ट्रॉली के माध्यम से सफाई करवाई गई है। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय के सामने खाली पड़ी जगह पर भी अस्थाई पार्किंग बनाई जाएगी।

बता दें कि शहर में पार्किंग न होने से आमजन और दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। शहर के बाजार में करीब चार से पांच हजार वाहन सड़कों पर खड़े किए जाते हैं। इसके कारण आए दिन जाम लगा रहता है। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदार पहले ही अतिक्रमण किए हुए हैं और उसके बाद लोगों द्वारा पार्किंग के अभाव में सड़कों पर मनचाही जगह वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे अच्छी खासी चौड़ी सड़क एक संकरी गली बन जाती है। सिनेमा रोड पर पंजाब नेशनल बैंक एवं एसबीआई होने के कारण दोनों ओर वाहनों की पार्किंग होने से वहां प्रतिदिन जाम लग जाता है। इससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे ही हालत शहर के शॉपिंग कॉम्पलैक्स, शंकर मार्केट, गांधी मार्केट, रेलवे रोड, आईटीआई रोड, गोशाला रोड, विश्वकर्मा चौक, परशुराम चौक आदि स्थानों रोड पर गाड़ियां व दो पहियां वाहन खड़े रहते हैं। आए दिन शहर की मुख्य सड़कों एवं बाजारों में पांच हजार से अधिक वाहन सड़कों पर खड़े रहते जो लोगों की परेशानियां बढ़ा रहे हैं। मुख्य बाजारों में सुबह व शाम के समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। शहर में स्थाई पार्किंग के अभाव में लोग भी मनचाहे स्थानों पर वाहन पार्किंग करने को मजबूर हैं, जिससे अच्छी खासी चौड़ी सड़कें भी सिमटकर रह जाती हैं।

#### सड़कों पर बेतरतीब वाहनों से नहीं होगी परेशानी

शहर में आबादी के साथ वाहनों की संख्या दो गुनी बढ़ गई है। प्रतिदिन शहर में अनुमानित दो हजार चौपहिया व तीन हजार दुपहिया वाहन बाजारों में सड़कों पर इधर-उधर खड़े रहते हैं। वाहनों की वजह सड़के संकरी हो जाती है और वहां जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। पार्किंग के अभाव में वाहन चोरी होने का खतरा रहता है। नपा के गठन के बाद अभी तक के कार्यकाल में अनेक बार पार्किंग की योजनाएं बनी, लेकिन एकबार भी धरातल पर नहीं उतर पाई। नई सरकार के कार्यकाल को भी करीब साढ़े तीन साल का समय बीत चुका है। पहली ही बैठक में पार्किंग के प्रस्ताव पर मुहर लगाई लगाई गई थी, लेकिन अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। वहीं पुलिस भी आए दिन वाहनों का गलत पार्किंग होने के कारण चालान कर रही है, लेकिन शहर में नपा द्वारा कहीं भी पार्किंग नहीं बनाई गई है, जिसके चलते लोग भी मजबूरी वश वाहनों की पार्किंग कर रहे हैं।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. 'मानव' को चेन्नई में मिला विशिष्ट साहित्य-सेवा सम्मान

तमिलनाडु राजभवन में राज्यपाल आरएन रवि ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। चेन्नई में सम्मानित होते हुए डा. रामनिवास मानव।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामनिवास 'मानव' को, भाषा, साहित्य और अनुवाद के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के दृष्टिगत, आज चेन्नई में विशिष्ट साहित्य-सेवा सम्मान प्रदान किया गया। तमिलनाडु राजभवन और सीआईसीटी, भारत सरकार, चेन्नई द्वारा महाकवि सुब्रमण्यम भारती की 144वीं जन्म-जयंती और भारतीय भाषा दिवस-2025 के उपलक्ष्य में, राजभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल महामहिम आरएन रवि ने शॉल और प्रतीक-चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर राजभवन के प्रधान सचिव और भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आर. किर्लोश कुमार, सीआईसीटी की उपाध्यक्ष डॉ. सुधा शेषैया और निदेशक प्रो. आर. चंद्रशेखरन सहित देश-भर से आये विभिन्न भाषाओं के शताधिक विद्वान, साहित्यकार और अनुवादक उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

- बिजली कर्मचारियों ने पॉलिसी के विरोध में नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना



कनीना। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

सरकार द्वारा शुरू की गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के क्रियान्वयन को लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन विरोध में उतर गई है। इस बारे में एडहॉक कमेटी के सदस्य एवं पूर्व सर्किल सचिव रामरतन शर्मा ने बताया कि सरकार की इस पॉलिसी को लेकर कर्मचारियों की केंद्रीय समिति ने हरियाणा सरकार के एसीएस को पत्र भेज कर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के नकारात्मक पहलू बताए थे। पॉलिसी वापस न लेने पर उनकी ओर से विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी गई थी। सरकार द्वारा उक्त पॉलिसी लागू करने को लेकर शुक्रवार से छह चरणों में कर्मचारियों द्वारा प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर से कर्मचारी दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन शुरू करेगें। सब यूनिट कार्यालय कनीना में शुक्रवार को दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें बिजली कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशनः पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपित किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



जिला पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम और नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मुस्तैदी से कार्य कर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

#### पहला मामला

थाना शहर महेंद्रगढ़ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आदर्श रामलीला के पास स्थित एक कैफे में छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। रेड के दौरान पुलिस ने मौके से आरोपी नीरज वासी बुडीन को काबू किया। तलाशी लेने पर 10 बोतल देसी शराब, 13 बोतल अंग्रेजी शराब और चार बोतल बीयर बरामद की गई। आरोपी शराब बेचने का कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना शहर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### दूसरा मामला

थाना सदर की टीम ने बसई से पालड़ी रोड पर नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बसई से अवैध शराब लेकर पालडी की तरफ आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने श्रीभगवान निवासी पालडी थाना झोझू कलां जिला चरखी दादरी को काबू किया। आरोपित के पास एक प्लास्टिक का कट्टा था, तलाशी लेने पर कट्टे से 40 पव्वा और तीन बोतल देसी शराब बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी पूजा वशिष्ठ ने कहा कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है। नशा तस्करी और अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कुंजपुरा में किसान गोष्ठी में प्राकृतिक खेती के प्रति किया गया जागरूक

- प्राकृतिक खेती अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि बन चुकी है आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली



मंडी अटेली। किसान गोष्ठी में जागरूक करते खंड कृषि अधिकारी डा. रजनीश कुमार।

अटेली क्षेत्र के गांव कुंजपुरा में प्राकृतिक खेती के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रजनीश कुमार खंड कृषि अधिकारी अटेली द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि देश में प्राकृतिक खेती का क्रेज बढ़ता जा रहा है और सरकार भी इसको बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुकी है। जो किसानों को समृद्ध और स्वस्थ भविष्य की ओर ले जा रही है। प्राकृतिक खेती के फायदों तथा सरकार की ओर से प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को दिए जाने वाले प्रोत्साहनों पर चर्चा करते हुए खंड कृषि अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता है। यह एक जीवाणुओं की खेती है, यह खेती मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाती है, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करती है और किसानों की आय में भी वृद्धि करती है। प्राकृतिक खेती में गौमूत्र, गाय का गोबर से बीजामृत, घन जीवामृत जैसे प्राकृतिक घोल तैयार कर उनका उपयोग किया जाता है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### हकेंवि में एनईपी अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 अभिमुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। हकेवि द्वारा आयोजित इस 29वें एनईपी उन्मुखीकरण कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के 60 से अधिक शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि एनईपी-2020 भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक परिवर्तनकारी दस्तावेज है, जो ज्ञान आधारित, नवाचारी और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में अग्रसर करता है। उन्होंने शिक्षकों और शोधकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अंतर्विषयकता, अनुसंधान आधारित शिक्षण और समग्र शिक्षा जैसे एनईपी के सिद्धांतों को अपनी शिक्षण एवं संस्थागत कार्यप्रणालियों में अपनाएं।

## विरोध 12 से 16 दिसंबर तक सब यूनिट लेवल पर रहेगा जारी

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बिजली निगम कार्यालय में बैठक करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय में शुक्रवार को एचएसईबी वर्कस यूनियन हैड कार्यालय भिवानी के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ कर्मचारियों ने दो घंटे विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों के इस विरोध प्रदर्शन में सिटी सब यूनिट, सर्बन सब यूनिट व सिटी एल सब यूनिट के कर्मचारी शामिल रहें। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान नवीन कुमार व मं संचालन दीपक यादव ने किया। इस दौरान कर्मचारी नेता सरकार व निगम मैनेजमेंट पर जमकर बरसे। दीपक यादव ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी किसी भी प्रकार से कर्मचारी या उपभोक्ता के हित में नहीं है। अगर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू होती है तो हजारों तकनीकी कर्मचारी मौत के मुंह में धकेले जाएंगे। यह धरना प्रदर्शन 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक सब यूनिट लेवल पर जारी रहेगा। अगर समय रहते निगम मैनेजमेंट ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करके इस मुद्दे पर बातचीत के लिए संगठन को नही बुलाता है तो इस विरोध प्रदर्शन को उच्च स्तर पर ले जाया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की औधोगिक अशांती या उपभोक्ताओ को कोई परेशानी होती है तो निगम मैनेजमेंट पूर्ण रूप से इसका जिम्मेवार होगा। प्रदर्शनकारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 को कर्मचारी विरोधी बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

#### पत्र लिखकर आपत्तियां दर्ज करवाई

सभा को संबोधित करते हुए प्रधान ने बताया कि यूनियन की केंद्रीय परिषद ने एक दिसंबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत विभाग हरियाणा को पत्र लिखकर पॉलिसी पर गंभीर आपत्तियां दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग का कार्य अत्यंत तकनीकी, जोखिमपूर्ण और उपभोक्ता सेवा से सीधे जुड़ा हुआ है। ऐसे में एक समान ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना कर्मचारियों की सुरक्षा, विभागीय कार्यकुशलता और उपभोक्ता सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। नए कार्यस्थल पर क्षेत्र व लाइन रूट की जानकारी न होने के कारण कर्मचारियों के लिए जानलेवा हादसों की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर यूनिट प्रधान नवीन, सचिव अनिल, सब-यूनिट प्रधान शेरसिंह, सचिव दीपक यादव, प्रधान प्रवीन, सचिव नवीन, सचिव दीपक, सतीश जेई, जितेंद्र जेई, जेई अमरजीत, जेई नवीन, एएलएम संजीव, एएलएम संदीप, एएसएसए योगेन्द्र, एलएम अजय, सीए अमित, सीए संजय, एलडीसी राकेश, एएफएम ओमप्रकाश, एएफएम वीरेंद्र, एएफएम गोरीशंकर, एएफएम रविंद्र, मंजीत, योगेश, एलएम प्रदीप, एसएसए सत्यनारायण सहित अनेक बिजली निगम कर्मचारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## बाइक चोरी के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव मिलकपुरी निवासी आसबदीन उर्फ कल्लु के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव तीतरपुर निवासी विक्रम सिंह गत 3 मार्च को करुनेश वाटिका धारूहेड़ा में शादी प्रोग्राम में गया था।



## सोने की चेन उड़ाने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** कोसली पुलिस ने गांव नठेड़ा निवासी एक महिला से सफाई के बहाने चकमा देकर सोने की चेन ले जाने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रविनाथ मुनचुन को वीरवार को गिरफ्तार किया गया। मामले में एक आरोपी बिट्टू कुमार साह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गांव नठेड़ा निवासी एक महिला ने शिकायत में बताया था कि गत वर्ष 27 अगस्त को वह घर पर अकेली थी।



## 1.30 लाख की ठगी का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.30 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश के जिला दतिया नजदीक सिविल लाईन निवासी नरेश कुशवाहा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी दीपक जैन के पास गत 17 अप्रैल को व्हाट्सएप पर मैसेज आया था।



# डीटीपी विभाग की बावल क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई

## डीटीपी की टीम ने ग्रीन बेल्ट पर अवैध निर्माण भी किए ध्वस्त
## तोड़फोड़ की कार्रवाई से कॉलोनाइजर व प्रोप्टरी डीलरों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को बावल क्षेत्र में रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड, नैचाना व गांव कालड़ावास की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही तीन कॉलोनियों व अवैध निर्माणों पर एक्शन लिया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड स्थित नरसिंहपुर गढ़ी में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में बने हुए निर्माण, ग्रीन बेल्ट में 4 अवैध निर्माणों व अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने गांव नैचाना की राजस्व सीमा में करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।

■ 9 एकड़ की तीन अवैध कॉलोनी की जमींदोज



अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी।



टीम ने अवैध कॉलोनी में 18 डीपीसी, 5 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। टीम ने गांव कालड़ावास की राजस्व सीमा में करीब 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 7 डीपीसी, 2 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को भी समतल किया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।



### प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में न फंसे लोग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन कोसली इकाई के बिजली कर्मियों ने शुक्रवार को केंद्रीय परिषद के आह्वान पर सब डिविजन कार्यालय परिसर में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान चंद्रजीत व संचालन सोनू सचिव ने किया। यूनिट प्रधान जयप्रकाश ने ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी का विरोध करते हुए कहा कि सरकार द्वारा टेक्निकल और क्लेरीकल स्टाफ की बदली की जा रही है। टेक्निकल कर्मचारियों को सर्कल से बाहर भेजकर उनकी जान को जोखिम में डाला जा रहा है। कर्मचारियों को सर्कल व डिविजन से बाहर की लाइनों के बारे में जानकारी नहीं होती, जिससे हादसे होने का खतरा बढ़ जाएगा। कर्मचारी ड्यूटी में समय भी कम दे पाएंगे। अब कर्मचारी सब डिविजन में 24 घंटे ड्यूटी दे रहा है।



रेवाड़ी। कोसली बिजली निगम परिसर में धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर जय सिंह पूर्व प्रधान यूनिट, अजय जेई, गौरव जेई, राजेन्द्र संदीप, सोनू, दिनेश, मनोज, विकास, अरूण कुमार, रवजान सिंह,रवि कुमार, दीपक, करीमरवान, विक्रम, प्रवीन, प्रशान्त सनिल जेई, दीपक जेई व सचिन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## यादव सभा का फ्री हेल्थ चेकअप कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 14 दिसंबर को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. पार्थ यादव हड्डी रोग, डा. सुनील यादव सर्जरी, डा. योगेन्द्र यादव चर्म रोग, डा. गौतम यादव नेत्र रोग व डा. सुमन यादव स्त्री रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। इनके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## स्थाई लोक अदालत में 320 केसों का हुआ निपटारा



**कोसली।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार परमानेंट लोक अदालत, पब्लिक यूटिलिटी सर्विसेज के अध्यक्ष जग भूषण गुप्ता ने शुक्रवार को स्थाई लोक अदालत में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया, जिसमें टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस, डाकघर, पानी, यातायात व बैंक लोन से संबंधित तथा अन्य जरूरी सेवाएं से संबंधित केसों का निपटारा किया गया। स्थाई लोक अदालत में शुक्रवार को 359 केस रखे गए थे, जिसमें से 320 केसों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस अवसर पर स्थाई लोक अदालत के सदस्य सुदेश यादव, सदस्य जयप्रकाश राव व स्टाफ के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जग भूषण गुप्ता ने बताया कि परमानेंट लोक अदालत से सरल एवं सुलभ न्याय की प्राप्ति होती है।

## कोसली के सत्येन कुमार बने सेना में लेफ्टिनेंट

**कोसली।** कोसली निवासी सत्येन कुमार भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। इससे पूर्व वे सेना की ईएमई में कार्यरत थे। भाई सचिन कुमार ने बताया कि सत्येन बचपन से ही प्रतिभावान रहे हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल जबलपुर में हुई। उनके पिता स्व. सुरेश कुमार भी आर्मी कार्यरत थे। कोसली के मल्लूपुरा मोहल्ला निवासी सत्येन कुमार 2005 में ईएमई में भर्ती हुए थे। उसके बाद उन्होंने ऑटो मोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया तथा लगातार उच्च पद के लिए प्रयास करते रहे। सत्येन कुमार ने मई 2025 में लफ्टिनेंट पद के लिए परीक्षा दी और बिना किसी कोचिंग के 6 दिसंबर को उसमें सफलता प्राप्त की। माता सत्यवती को सत्येन की कामयाबी पर गर्व हैं। उनकी सफलता से कोसली गांव में खुशी की लहर है।



## कन्या के जन्म पर कुआं पूजन कर मनाई खुशियां

**कोसली।** रामपुरा रोड कुतुबपुर निवासी परिवार ने कन्या के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर समाज को संदेश दिया। कन्या के दादा महाबीर सिंह यादव व दादी राजबाला ने कहा कि आज के समय में लड़का-लड़की में कोई अंतर नहीं है। आज लड़कियां अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। कन्या का नाम जागृति यादव रखा गया है। कन्या के पिता विश्वजीत यादव व माता नीलम ने कहा कि वर्तमान में बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रही हैं। कुआं पूजन करने से समाज में बेटियों के प्रति कायम सोच में बदलाव लाएगा। कुतुबपुर निवासियों व सामाजिक संगठनों ने परिवार की इस पहल की सराहना की है।



## विद्यार्थियों ने लोको शेड में भाप के इंजन के बारे में ली जानकारी



रेवाड़ी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को हेरिटेज स्टीम लोको शेड का शैक्षणिक भ्रमण किया। कार्यवाहक प्राचार्या नीतू कुमारी ने विद्यार्थियों को भ्रमण के लिए रवाना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को नवीनतम एवं सटीक जानकारी प्राप्त होती है। कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कक्षा छठी एवं सातवी के 45 विद्यार्थियों का दल अध्यापकों के साथ हेरिटेज स्टीम लोको शेड पहुंचा। जहां विद्यार्थियों ने रेल के ऐतिहासिक भाप इंजनों के बारे में जानकारी हासिल की। एक फिल्म शो के माध्यम से भाप इंजनों के आगमन, कार्य प्रणाली एवं उपयोगिता का ऐतिहासिक वर्णन देखकर जानकारी भी ली। विद्यार्थियों ने 1855 में निर्मित फेयरी क्वीन सहित शेर ए पंजाब, अकबर व आजाद सहित अनेक भाप चलित रेल इंजनों के बारे में जानकारी ली। साथ ही रेल इंजन व उससे संबंधित प्राचीन उपकरणों से सुसज्जित संग्रहालय भी देखा और टॉय ट्रेन की सवारी की। इस अवसर पर अध्यापिका हरिता शर्मा व प्रिया देवी सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पीवीआर मॉडल साइबर अपराधों से बचने का सबसे आसान हथियार

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने तेजी से बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराधों को देखते हुए जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा की ओर से पेश किया गया पीवीआर (पॉज-वेरिफाई-रिपोर्ट) मॉडल साइबर अपराधों से बचने का सबसे आसान और असरदार हथियार है। एसपी मीणा ने कहा कि कोई भी संदिग्ध कॉल, लिंक, मैसेज या पैसे की डिमांड आए तो एकदम न मानें, रुक जाएं, क्योंकि घबराहट स्कैमर का सबसे बड़ा हथियार है। कॉल करने वाले का नाम, पहचान और कारण सत्यापित करें। बैंक, पुलिस, कोर्ट, या सरकारी विभाग कभी भी ओटीपी, पिन, यूपीआई या अकाउंट डिटेल नहीं मांगते है। व्हाट्सअप डीपी, ट्रूकॉलर नाम या लोगो को देखकर भरोसा न करें, ये सब फर्जी हो सकते हैं। एसपी ने कहा कि कोई धोखा हो जाए या होने की आशंका लगे तो तुरंत 1930 पर कॉल करें। जितनी जल्दी सूचना देंगे, उतनी जल्दी पैसे फ्रीज होकर वापस भी आ सकते हैं।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा

### लिंक पर क्लिक करने से पहले दो बार सोचें

एसपी मीणा ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले दो बार सोचें। इंस्टेंट लोन ऐप, अडल्ट साइट्स, सस्ते ऑफर व गेमिंग रिवॉर्ड से सावधान रहें। किसी भी स्क्रीन-शेयरिंग ऐप से दूर रहें। निजी फोटो-वीडियो पर ब्लैकमेल होने पर झिझकें नहीं, तुरंत पुलिस को बताएं।

**खबर संक्षेप**

## विद्यार्थियों ने प्राणायाम व मेडिटेशन का किया अभ्यास

**रेवाड़ी।** शहीद रविंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव पाल्हावास में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों ने ध्यान एवं योग क्रिया का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राणायाम और मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य सुमन यादव, सुषमा यादव और डा. सुमन ने विद्यार्थियों को वार्म अप, प्राणायाम और इसके बाद मेडिटेशन की क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि तन के साथ-साथ मन का भी स्थिर और एकाग्रचित्त होना बहुत आवश्यक है। हमें दैनिक जीवन में प्राणायाम और मेडिटेशन की क्रियाओं का नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य शोभा रानी भारद्वाज सहित सभी स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।



## खोल हाउस में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर कल



**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय नवचेतना मंच व रिति आईकेयर अस्पताल की ओर से 14 दिसंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक सरकुलर रोड स्थित खोल हाउस में नेत्र जांच व निःशुल्क ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को नाईवाली स्थित सेंडपाइपर टूरिस्ट काम्पलेक्स में आयोजित प्रेसवार्ता में अस्पताल के एमडी व नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. विजय सागवान ने कहा कि शिविर में लोगों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन लेंस के साथ उपलब्ध कराया जाएगा व अन्य जांच भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि शविर लगाकर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। राष्ट्रीय नवचेतना मंच के संयोजक विजय सोमाणी ने कहा कि मौजूदा दौर में लोगों को आंखों से जुड़ी अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें मोतियाबिंद भी एक है, जोकि शरीर में प्रोटीन के जमाव के कारण आंखों के लेंस का धुंधलापन है, जिससे दृष्टि कम हो जाती है और अगर इलाज न कराया जाए तो व्यक्ति दृष्टिहीन हो सकता है।

## एचएसईबी वर्कर्स यूनियन का धरना-प्रदर्शन

**बावल।** शुक्रवार को बावल सब डिवीजन कार्यालय परिसर में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। यूनियन ने ऑनलाइन पॉलिसी का विरोध किया। धरने की अध्यक्षता अरुण कुमार ने की। दो घंटे चले धरने पर कर्मचारियों ने सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। संजीव कुमार ने कहा कि सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में तीन दिन तक दो घंटे का धरना दिया जाएगा। सरकार ने मांग नहीं मानी तो डिवीजन और सर्कल लेवल पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर दिनेश, रवि, कृष्ण, विष्णु, नरेश व धर्मबीर सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।



# युवाओं को अद्भुत साहस, पराक्रम और धैर्य की प्रेरणा देगी पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा : राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को बावल के गांव धरचाना में महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव, संजय छौक्कर, महेंद्र सिंह, दशरथ सिंह चौहान, शीला सिंह शेखावत व प्रताप सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गांव धरचाना में स्थापित की गई पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा युवाओं को अद्भुत साहस, पराक्रम और धैर्य की प्रेरणा देगी। हमें युवा पीढ़ी को देश के महान योद्धाओं, क्रांतिकारियों और महापुरुषों के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी देनी चाहिए।



रेवाड़ी। सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करते केंद्रीय मंत्री।

### पृथ्वीराज को नमन किया

इस अवसर पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने पृथ्वीराज चौहान को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुष बार-बार इस धरती पर नहीं आते। हमें उनके जीवन और बलिदान से सीख लेनी चाहिए कि मातृभूमि से बढकर हमारे लिए और कुछ नहीं है। कोसली के विधायक अनिल यादव ने भी ग्रामवासियों को सम्राट पृथ्वीराज चौहान की विशाल प्रतिमा की स्थापना पर बधाई दी। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन मनोज यादव, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि अनिल रायपुर, ब्लॉक समिति बावल के चेयरमैन छत्रपाल सिंह, एसडीएम मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष कल रेवाड़ी में, संगठन विस्तार पर करेंगे चर्चा

**रेवाड़ी।** रविवार 14 दिसंबर को शाम 3:30 बजे नाईवाली चौक स्थित कंपनी ऑफिस में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला व महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने बताया प्रदेशाध्यक्ष व महिला प्रदेशाध्यक्ष जिले के पदाधिकारियों और मेंबर्स के साथ मीटिंग करेंगे, जिसमें संगठन के कार्यो और विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज ने अपने 17वें स्थापना दिवस पर एक मुहिम शुरू की है, जिसमें प्रदेश के हर वैश्य परिवार से कम से कम एक सदस्य को अग्रवाल वैश्य समाज से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल, युवा प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट नीतेश अग्रवाल व रेवाड़ी विधानसभा अध्यक्ष राम किशन अग्रवाल ने जिले के वैश्य समुदाय के लोगों को संगठन से जुड़ने का आह्वान किया है।



सुशीला सर्राफ



अशोक बुवानीवाला

**उद्घाटन** — केंद्रीय मंत्री ने सौ करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया गया

# परियोजनाओं का प्रारूप तैयार करने और धरातल पर लाने के लिए अधिकारियों को करनी होगी मेहनत: राव इन्द्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को नगर परिषद में शहरी विकास से जुड़ी करीब 100 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि इन परियोजनाओं के नामकरण में अमर स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राव बिरेन्द्र सिंह को भी तवज्जो दी गई है। इस मौक पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया गया है। आने वाले चार सालों में उनका और पार्टी के स्थानीय विधायकों का यह प्रयास रहेगा कि आम जनता के हित और रेवाड़ी जिला को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए अधिक से अधिक विकास परियोजनाएं लागू कराई जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भी इन विकास परियोजनाओं का प्रारूप तैयार करने और इन्हें धरातल पर लाने के लिए पूरी मेहनत करनी होगी। जनप्रतिनिधि के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों का भी यह दायित्व बनता है कि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।





रेवाड़ी। विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते राव इंद्रजीत सिंह व कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### आईपीबी टाइल रोड विकास कार्यों का शिलान्यास किया

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने 89 लाख रुपये की लागत से नारनौल रोड पर नगर परिषद बाउंड्री में बनने वाले मेन एंट्रेंस गेट, 126.25 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर-1 में राम तलाई जोहड़ पर बनने वाले पाथ-वे और बाउंड्री वॉल, 89 लाख रुपये की लागत से गढ़ी बोलनी रोड पर नगर परिषद बाउंड्री में बनने वाले मेन एंट्रेंस गेट, 19.8 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 28 में ठठेरा कॉलोनी में आईपीबी टाइल रोड, 89 लाख रुपये की लागत से दिल्ली रोड पर नगर परिषद बाउंड्री में बनने वाले मेन एंट्रेंस गेट, 89 लाख रुपये की लागत से बावल रोड पर नगर परिषद बाउंड्री में बनने वाले मेन एंट्रेंस गेट व 165 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर-12 में शिव नगर पार्ट ए कॉलोनी में आईपीबी टाइल रोड विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एसडीएम सुरेश कुमार, भाजपा नेता मा. हुकमचंद, महामंत्री हिमांशु पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा व विनीता पीपल सहित अनेक नगर पार्षद व अधिकारी मौजूद थे।